मांगों पर सहमति बनने के बाद नरेश मीणा का जन आंदोलन समाप्त

मांगों पर सहमति बनने पर जयपुर कूच पर निकले किसान नेता नरेश मीणा ने अपना निर्णय बदल दिया।

- नरेश मीणा ने मांगों में सम्रावता की जर्जर स्कूल को जमीदोज करके नया भवन बनाने की मांग भी बताई जा रही है।

टोंक । 12 सूत्रीय मांगों को लेकर जयपुर कूच पर निकले भगत सिंह सेना सुप्रीमो और किसान नेता नरेश मीणा तथा जिला प्रशासन के बीच मध्यरात्रि बाद सहमति बन जाने के बाद नरेश मीणा ने जयपुर कूच स्थगित कर दिया।

समझोते के दौरान एडीएम रामरतन सौकरिया और एएसपी रतन लाल भार्गव की मौजूदगी में संभागीय आयुक्त से आश्वासन के बाद नरेश मीणा ने धरना समाप्त कर जयपुर कूच स्थगित करने की घोषणा की है। यह सहमति टोंक-सवाईमाधोपुर नेशनल हाईवे पर आमली मोड के पास देर रात बनी।

इस मौके पर नरेश मीणा ने देवली उनियारा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा था, मांगें पूरी नहीं होने पर उन्होंने 30 जनवरी से जन आंदोलन की चेतावनी दी थी। मांगों में सम्रावता की जर्जर स्कूल को जमीदोज करके नया भवन बनाने की मांग भी बताई जा रही है। शुक्रवार शाम सभा के दौरान नरेश मीणा ने मंच से 12 सूत्रीय मांगों को लेकर जयपुर कूच का ऐलान किया, ऐलान के करीब दस मिनट बाद ही वे कार में सवार होकर हजारों समर्थकों के साथ जयपुर की ओर रवाना हो गए। लेकिन बाद में प्रशासन और पुलिस ने अलीगढ कस्बे स्थित टोंक-सवाईमाधोपुर नेशनल हाईवे पर आमली मोड की रोड पर बैरिकेट्स लगाकर कूच को रोक कर धरना खत्म करवाया। कुछ समय बाद एडीएम रामरतन सौकरिया और एएसपी रतन लाल भार्गव मौके पर पहुंचे और वार्ता कर नरेश मीणा की बात मोबाइल पर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल से भी करवाई गई। उन्होंने प्रशासन को बताया कि समरावता प्रकरण में निर्दोष लोगों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने, उनकी जमानत खारिज कराने की प्रार्थना वापस लेने, समरावता को देवली से उनियारा उपखंड में जोडने और फर्जी मतदान कराने वाले एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई जैसी मांगें जयपुर स्तर से जुडी हैं।

संक्षिप्त

शिविर से कोई नागरिक निराश नहीं लौटे

भरतपुर (निस)। जिला प्रभारी सचिव एवं शासन सचिव सहकारिता आनंदी ने शनिवार को पंचायत समिति भुसावर के गिरदावर सर्किल ग्राम इटामदा में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर का निरीक्षण कर योजनाओं का प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को मौके पर लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। जिला प्रभारी सचिव ने विभागों द्वारा लगाई गई विभिन्न स्टालों का निरीक्षण कर अधिकारियों द्वारा की जा रही गतिविधियों का फीडबैक लिया तथा योजनाओं की जानकारी देकर शिविर में ही पत्रजनों का चयन कर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति शिविर से निराश नहीं लौटे यह सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक नागरिक को योजना की पात्रता के आधार पर से प्रेरित होकर लाभान्वित करें। ई मित्र के माध्यम से आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति कराए। उन्होंने कहा कि शिविर में आने वाली समस्याओं का मौके पर ही निरीक्षण कर समाधान करें अथवा भविष्य में की जाने वाली कार्यवाही से परिवादी को अवगत कराएं। जिला प्रभारी सचिव ने आम नागरिकों के परिवाद सुनकर संबन्धित विभागों से फीडबैक लिया तथा समयबद्धता के साथ त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, संयुक्त निदेशक कृषि राधेश्याम मीना, उद्यान जनकराज मीना, पशुपालन रामकिशन महावर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय एवं उपखण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सरोज देवी को मिला लाभ

भरतपुर (निस)। राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं इसके लिए ग्राम उत्थान शिविर में मौके पर ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को राहत प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर चलाये जा रहे ग्राम उत्थान शिविर इटामडा निवासी सरोज के लिए घर बैठे गंगा आने के समान साबित हुआ जब उसे कृषक साथी सहायता योजना में 2 लाख रूपये का चौक प्रदान किया तो उसे विश्वास ही नहीं हुआ कि उसे घर बैठे समस्या का निराकरण कर सहायता राशि प्रदान की जायेगी। सरोज के पति की कृषि कार्य करते हुए मृत्यु हो जाने पर शिविर में कृषि विपणन बोर्ड के द्वारा मौके पर प्रस्ताव तैयार कर 2 लाख रूपये का चौक अधिकारियों के हाथों प्रदान करवाया। भुसावर तहसील के गिरदावर सर्किल इटामडा में शनिवार को आयोजित शिविर में सरोज ने उनके पति की कृषि कार्य करते हुए मृत्यु हो जाने की जानकारी दी तो मौके पर ही शिविर प्रभारी उपखण्ड अधिकारी भुसावर द्वारा प्रस्ताव तैयार करवाकर कागजात की पूर्ति करवाई तथा 2 लाख रूपये का चौक प्रदान किया। चौक मिलने पर सरोज ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संवेदनशील सरकार ने उनकी पीडा को समझते हुए त्वरित राहत दी है इससे उसे बडी मदद मिलेगी।

पशु चिकित्सालय का निरीक्षण

कोटपूतली। जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने शनिवार को पशुपालन विभाग के सघन निरीक्षण अभियान के तहत ब्लॉक पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यालय कोटपूतली का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। जिला कलेक्टर ने मंगला पशु बीमा योजना की प्रगति, तथा पशुधन के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया।

नाम परिवर्तन

मैं, रविंदर कौर (Ravinder Kour) पत्नी सुबेदार मनविंदर सिंह JC334421N, कार्यरत मुख्यालय CWE जयपुर, निवासी कठुआ (J&K), घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम रविंदर कौर (Ravinder Kaur) से बदलकर रविंदर कौर (Ravinder Kour) कर दिया जाए। मैंने सैन्यसेवा अभिलेखों हेतु शपथपत्र नं. CB774240, दिनांकः 28.01.2026 निष्पादित किया है।

मैं आर्मी न. 2701025X हवलदार (ऑपरेटर) अनिरुद्ध पटेल यूनिट 24 गार्ड (17 ग्रेनेडियर्स) है। मेरे सैन्य दस्तावेजों मे मेरे पिताजी का नाम राम यतन पटेल (RAM YATAN PATEL) और जन्मदिनाँक 01-07-1963 है जो की गलत है। मेरे पिताजी का सही नाम रामजतन पटेल (RAMJATAN PATEL) और जन्मदिनाँक 01-01-1965 है।

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

सड़क हादसे में दो की मौत

टोंक। बरौनी थाना क्षेत्र स्थित बनास नदी पुलिया पर मोटरसाईकिल सवार को तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात ट्रेलर ने टक्कर मार दी, जिससे बाईक पर सवार दो युवक की मौत एवं एक युवक गम्भीर घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बरोनी थाना क्षेत्र स्थित वैष्णो देवी मंदिर के सामने नेशनल हाईवे पुलिया पर तेज गति से आ रहे ट्रेलर ने मोटरसाईकिल से सोहेला की ओर जा रहे युवक दिलखुश पुत्र सोकरण बैरवा उम्र 19 साल निवासी साहेला व धर्मराज पुत्र बनवारी उम्र 18 साल निवासी सरदारपुरा एवं घायल कालू पुत्र महेन्द्र बैरवा को टक्कर मार दी। इस दौरान घटना में दो युवक दिलखुश व धर्मराज की मौके पर मौत हो गई तथा कालू बैरवा गम्भीर रूप से घायल हो गया। बाद में सूचना पर पंहुची पुलिस ने घायलो को जिला अस्पताल टोंक में लाया गया, जहां मृतक दो युवको के शवो को सआदत चिकित्सालय की मॉर्चरी में रखवाया गया है।

विधायक की मौजूदगी में विकास कार्यों का शिलान्यास

- क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने विभिन्न स्थानों पर सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार तथा विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।
- इस दौरान विधायक धनकड ने आंतेला पीपली स्टैंड से छितोली वाया किशनपुरा होते हुए सूरजपुरा तक 7.5 मीटर चौड़ाई की सड़क के निर्माण का शिलान्यास किया ।

पावटा। मुख्यमंत्री बजट घोषणा-2025 के अंतर्गत क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।

इसी क्रम में शनिवार को विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने विभिन्न स्थानों पर सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार तथा विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।

इस दौरान विधायक धनकड ने आंतेला पीपली स्टैंड से छितोली वाया किशनपुरा होते हुए सूरजपुरा तक 7.5 मीटर चौड़ाई की सड़क के निर्माण का शिलान्यास किया ।

यह सड़क 8.2 किलोमीटर लंबी होगी, जिस पर लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह सड़क बनने से क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी तथा आवागमन सुगम होगा। वही जयसिंहपुरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शिलान्यास के साथ पशु चिकित्सालय भवन एवं अन्य विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य व पशुपालन से जुडे विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। वही मुख्यमंत्री बजट घोषणा-2025 के तहत -48 से तुलसीपुरा वाया तलियारा तक 7.5 मीटर चौडाई की सडक के निर्माण का शिलान्यास किया गया। इस सडक की लंबाई 4 किलोमीटर होगी तथा इसकी अनुमानित लागत 6 करोड रुपये है। इन विकास कार्यों से क्षेत्र में सडक संपर्क मजबूत होगा, स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार आएगा और आमजन को सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रमों को लेकर स्थानीय नागरिकों में उत्साह का माहौल है। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

ग्राम अवार में विकास कार्यों का लोकार्पण

कुम्हेर, भरतपुर (निस)। डीग-कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अवार में विधायक निधि से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

पाँच-पाँच लाख रुपये की लागत से निर्मित इंटरलॉकिंग ईंट खरंजा एवं नाली निर्माण कार्यों का लोकार्पण विधायक डॉ. शैलेश दिगम्बर सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर ठाम के स्थानीय विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों की सुविधा हेतु नवीन हॉल निर्माण का शिलान्यास व तीन लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक शौचालय का भी लोकार्पण किया गया, जिससे भविष्य में शैक्षिणक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच कुशलपाल सिंह ने की तथा प्रधान देवी सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

सार-समाचार

बाइक चोरी का प्रयास

पावटा। क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। देर रात अज्ञात चोरों ने ग्राम मांजूकोट में एक घर के अन्दर खडी बाइक चोरी करने का प्रयास किया। जुगल किशोर यादव ने बताया कि रात को अज्ञात चोर मकान की दिवार फांद घर में घुस गए व घर के अंदर खड़ी बाइक की चोरी कर ले जा रहा था। लेकिन जैसे ही चोर घर का दरवाजा खोल बाइक चुराने की कोशिश कर रहे थे, इसी दौरान दरवाजे आहट होने पर परिजन जाग गए। खुद को घिरता देख चोर मौके से फरार हो गए। वही चोर भागने से पहले एक बिना नंबर प्लेट की बाइक छोड़कर भाग गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया व आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। गनीमत रही कि बाइक चोरी होने से बच गई, लेकिन इस घटना ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खडे कर दिए हैं। वही यह पूरी घटना घर में लगे कैमरों में कैद हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके पर मिली बिना नंबर प्लेट की बाइक को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। संदिग्धों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है। लगातार हो रही चोरी और चोरी के प्रयासों से क्षेत्रवासियों में भय का माहौल है। लोगों ने रात्रि गश्त बढ़ाने, संदिग्धों पर कड़ी नजर रखने और जल्द कार्रवाई की मांग की है।

ओलो की चादर बिछी

सांभरझील, (निसं)। सांभर में शनिवार को रात करीब 7:30 अचानक देखते-देखते ही बादलों की गड़गड़ाहट शुरू हो गई और बारिश होने लगी। बारिश 10 मिनट बात ही गिरने शुरू हो गए ।

खोया पाया

मेरे प्लाट नं. ए-118 गणपति पैराडाईज सिटी ग्राम कालवाड जयपुर का मूल विक्रय पत्र गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। अंकुर काबरा मो. 9314501637

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन-14, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक: 90A/JDA/2025-26/100444 लोक सूचना दिनांक: 27.01.2026

श्री RAKESH MEENA पुत्र श्री BHAG CHAND MEENA जाति MEENA निवासी MEENO KI DHANI BENAD, JHOTWARA JAIPUR ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (हैक्टे.)	समर्पण क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1	अजयराजपुरा, सांगानेर (जयपुर)	1.) राकेश मीणा पुत्र भागचंद	404/288	0.005	0.005
2		मीणा हिस्सा पूर्ण जाति मीना	408/287	0.2	0.2

मकान संख्या 00 कॉलोनी मीणो की ढाणी बेनाड क्षेत्र/स्थान झोटवाड़ा शहर जयपुर पिन कोड 302012 जिला JAIPUR राज्य RAJASTHAN खातेदार कुल 0.205

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90 - क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी SSO ID से लॉग इन कर JDA के 90-A मॉड्यूल अथवा जे.डी.ए. पोर्टल (https://jda.rajasthan.gov.in/) पर "विज्ञप्ति के विरूद्ध अपनी आपत्ति दर्ज करें।" Option में जाकर जारी सार्वजनिक सूचना के विरूद्ध अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज कराएं। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 27-01-2026 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी जोन-14, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य अब्दुल लतीफ पुत्र श्री अब्दुल मजीद एवं शबाना बेगम पत्नी श्री अब्दुल लतीफ, निवासीगण-मकान नम्बर 23, भड्डा बस्ती, नागतलाई दिल्ली बाईपास रोड, जयपुर का पुत्र अफजल खान आयु-24 वर्ष, उनके कहने में नही है तथा गलत लोगो की संगत मे है तथा मेरे अभिभाष्यगण का कहना नही मानता है तथा अपनी मनमानी करता है जिससे मेरे अभिभाष्यगण का समाज व बिरादरी में इज्जत खराब हो रही है जिस कारण मेरे अभिभाष्यगण ने अपने पुत्र अफजल खान को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि कोई व्यक्ति अफजल खान से किसी प्रकार का कोई लेन देन या संव्यवहार करता है तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। सूचित रहें। जयपुर।

(मोहम्मद साबिर कुरैशी) एडवोकेट
दिनांक-31/1/2026 मो.नं.9828168963

कार्यालय उपायुक्त किशनपोल जोन नगर निगम जयपुर
सोफिया स्कूल के सामने घाटगेट जयपुर पिन कोड 302003
क्रमांक-F-52/DC/KPZ/2025/1744
दिनांक-12/01/2025

"सार्वजनिक आपत्ति सूचना"

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रमेश चन्द शर्मा पुत्र श्री नवल किशोर शर्मा ने मकान नं. 962, तीसरा चौराहा, मिश्रा राजा जी का रास्ता किशनपोल बाजार जयपुर का 69-क, के तहत स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान के आदेश क्रमांक 7062 दिनांक 15.11.2022 के अनुसार आवेदन पत्र के साथ स्वामित्व संबंधित दस्तावेजो की फोटो प्रतियां प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति का स्वयं का क्षेत्रफल 61.58 वर्गमीटर का 69-क के तहत पट्टा चाहा है। उक्त भूखण्ड के संबंध में किसी व्यक्ति सरकारी / गैर सरकारी संस्था भवन / दुकान के अन्य हिस्सेदार, मालिको या अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचित करे। बाद मियाद गुजरने के आवेदन का नियमानुसार निस्तारण कर दिया जावेगा।

उपायुक्त, किशनपोल जोन, नगर निगम जयपुर

सम्मन बनाम कायम मुकाम
(आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत जिला जज साहब
मुकाम सवाई माधोपुर
बानो वगैरा बाबत आरती वगैरा
दावा बाबत अपील दीवानी
मुकद्दमा नम्बर CAR 22 सन् 2023

बनाम- (1) महेन्द्र पुत्र धीरेन्द्रसिंह जाति राजपूत निवासी कोटा (2) डॉ.मृदुला पत्नि धीरेन्द्रसिंह जनार्दनसिंह गहलोत निवासी जयपुर (3) मधु पुत्री धीरेन्द्रसिंह जाति राजपूत निवासी कोटा साकिन..... परगना....

चूंकि प्रार्थीया ने इस अदालत में तारीख... माह... सन् 199... को 1. धीरेन्द्रसिंह बनाम 2.... दायर की जो कि वाद में फोत हो गया और चूंकि..... मजकूर के दरखास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतवफ्फी...... मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इस्तदुआ की है बजाय उसक आप 3....... बनाये जावें।

लिहाजा बजरिये हाजा बगर्ज जवाब देही 1...... दिनांक 02 माह 02 सन् 2026 को अदालत हाजा में हाजिर होनके लिये तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकद्दमा आपकी गैर हाजरी में सुना व फैसला किया जावेगा।

बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 07 माह 01 सन् 2026 को जारी किया गया।

मोहर अदालत

आज्ञा से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
सवाई माधोपुर (राज.)

ग्रामीण उत्थान शिविर से बदली चौमूं के सिंगोद खुर्द की तस्वीर

- अतिरिक्त जिला कलक्टर मुकेश मूंड ने लाभार्थियों को सौंपा आशियाने का मालिकाना हक
- स्वामित्व अधिकार और पक्के आवास से ग्रामीण महिलाओं के जीवन में आया सकारात्मक बदलाव

जयपुर। ग्रामीण उत्थान शिविर 2025 के अंतर्गत पंचायत समिति गोविन्दगढ़ (जयपुर) की ग्राम पंचायत सिंगोद खुर्द में आयोजित शिविर ने ग्रामीणों के जीवन में ठोस और सकारात्मक बदलाव की मिसाल पेश की है। शिविर के माध्यम से जहां एक ओर नागरिकों को वैधानिक अधिकार प्राप्त हुए, वहीं दूसरी ओर सुरक्षित आवास का सपना भी साकार हुआ। अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री मुकेशमूंडने लाभार्थियों को आशियाने का मालिकाना हक सौंपा। शिविर के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा रतन कँवर, पत्नी श्री लक्ष्मण सिंह, को स्वामित्व कार्ड एवं पट्टा प्रदान किया गया, जिससे उन्हें उनके आवास का वैध मालिकाना अधिकार प्राप्त हुआ। रतन कँवर ने बताया कि पट्टा नहीं होने के कारण वे बैंक ऋण जैसी सुविधाओं से वंचित थीं। पट्टा प्राप्त होने से अब वे बैंक से ऋण लेकर अपने मकान की मरम्मत कर सकेंगा। इसी शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंगोद खुर्द की श्रीमती ज्योति देवी रैगर, पत्नी सांवर मल रैगर, एवं सजना देवी रैगर, पत्नी श्री मनोज कुमार रैगर, को आवास राशि की स्वीकृति प्रदान की गई। दोनों लाभार्थियों ने बताया कि पूर्व में कच्चे मकानों में रहने के कारण विशेषकर वर्षा ऋतु में भारी कठिनाइयों का सामना करना पडता था, जो अब पक्का आवास मिलने से समाप्त हो जाएंगी। लाभार्थियों ने पंचायत प्रशासन के साथ-साथ उपखंड एवं जिला स्तर के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण उत्थान शिविर जैसे आयोजन योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने इस शिविर के आयोजन हेतु राज्य सरकार एवं माननीय मुख्यमंत्री का भी धन्यवाद ज्ञापित किया। ग्रामीण उत्थान शिविर 2025 यह दर्शाता है कि सुनियोजित प्रशासनिक प्रयासों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण जीवन में वास्तविक और स्थायी बदलाव संभव है।

ग्राम उत्थान शिविर औचक निरीक्षण

पावटा। राज्य सरकार के दिशा-निर्देश पर आयोजित ग्रामोत्थान शिविर के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर शनिवार को गिरदावर सर्किल मंडा में ग्रामोत्थान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में प्रभारी अधिकारी साधना शर्मा उपखंड अधिकारी पावटा, सहप्रभारी तहसीलदार पावटा लोकेंद्र मीणा, एबीडीओ विजेंद्र सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्ण भाग लिया। इस दौरान समस्त विभागों द्वारा राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने गिरदावर सर्किल मंडा में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने शिविर में लगाई गई विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन कर फीड बैक लिया। इस दौरान जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने ग्रामीणों को उन्नत कृषि एवं नवाचार के लिए प्रोत्साहित किया। जिला कलक्टर गोस्वामी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप अंतिम व्यक्ति तक सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कर राहत प्रदान करे।

उन्होंने कहा कि ग्रामोत्थान शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को उनकी समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जाये।

शिविर में 15 साल से अटका काम हुआ

किशनगढ़ बास। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने किशनगढ़ बास के गांव माछरोली में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर का निरीक्षण किया और योजनाओं के लाभार्थियों को सहायता चेक व आवास की चाबियां सौंपकर गृह प्रवेश का लाभ दिलाया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली तथा लाभार्थियों से संवाद कर कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। इस दौरान एसडीएम मनीष जाटव, तहसीलदार सुभाष यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया जाए तथा शिविरों में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा ग्राम उत्थान शिविर सरकार की मंशा के अनुरूप ग्रामीण विकास, आत्मनिर्भरता और सेवा-सुविधाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम हैं।

उन्होंने कहा ग्राम उत्थान शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को एक ही स्थान पर 12 विभागों की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इनमें आवास, कृषि, पशुपालन, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल, सहकारिता, उद्यानकी, कृषि विपणन, सामाजिक कल्याण, उद्योग एवं अन्य विभागों की सेवाएं शामिल हैं। शिविरों में मौके पर ही आवेदन स्वीकार कर त्वरित निस्तारण किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पडें।

इस अवसर पर कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने हेतु सरकार द्वारा कल्टीवेटर खरीदने के लिए 10,000 रुपये की सहायता राशि का चेक लाभार्थी कृषक को प्रदान किया गया। साथ ही खेतों में सिंचाई सुविधा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पाइपलाइन दबवाने हेतु 18,000 रुपये की सहायता राशि का चेक भी लाभार्थी को सौंपा गया। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने आवासों की चाबी लाभार्थी को सौंपी गई शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत लाभार्थी पूजा देवी पत्नी धर्मपाल, सुनीता देवी पत्नी राजेंद्र सिंह फतेहाबाद, लक्ष्मी देवी पत्नी अशोक कुमार माछरोली को चाबी सुपुर्द कर गृह प्रवेश करवाया गया। आवास योजना के तहत पूजा देवी व सुनीता देवी को 60000-60000 का चेक वितरण किया तथा लक्ष्मी देवी को द्वितीय किस्त के 45000 रुपए का चेक वितरण किया गया।

सम्मन बनाम कायम मुकाम
(आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मुकाम मजिस्ट्रेट पश्चिम जयपुर महानगर द्वितीय
श्रीमती वहिदन व अन्य बनाम मौहम्मद इस्माइल व अन्य
दावा बाबत घोषणा व निषेधाज्ञा
मुकद्दमा नं. 166 सन् 2015

बनाम-मुसम्मी 1/1. कमरूनिशा उर्फ चिडिया वल्द पत्नी स्व.मौहम्मद इस्माइल कौम मुसलमान, 1/2. इस्लामुद्दीन पुत्र स्व.मौहम्मद इस्माइल, 1/3. सलीमुद्दीन पुत्र स्व.मौहम्मद इस्माइल साकिन शहदी अब्दुल हमीद नगर मिर्जा इसमाइल रोड जयपुर

चूंकि वादी ने इस अदालत में तारीख... माह... सन् 20... को 1. वहिदन व अन्य बनाम 2. मौहम्मद इस्माइल व अन्य दायर की जो कि वाद में फोत हो गया और चूंकि मौहम्मद इस्माइल मजकूर के दरखास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतवफ्फी प्रतिवादी नम्बर 1 के कायम मुकाम मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इस्तदुआ की है बजाय उसके आप 3. 1/1 कमरूनिसा उर्फ चिडिया, 1/2 इस्लामुद्दीन, 1/3. सलीमुद्दीन बनाये जावें।

लिहाजा बजरिये हाजा बगर्ज जवाबदेही 1. प्रतिवादी आपको तारीख 11 माह 02 सन् 2026 को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकद्दमा आपकी गैर हाजिरी में सुना व फैसला किया जावेगा।

बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 29 माह 01 सन् 2026 को जारी किया गया।

मोहर अदालत

रीडर-सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, पश्चिम जयपुर महानगर द्वितीय

सम्मन बनाम कायम मुकाम
(आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत जिला जज साहब
मुकाम सवाई माधोपुर
बानो बाबत आरती
दावा बाबत T9 अपील
मुकद्दमा नम्बर C.M. (41) 60 सन् 2023

बनाम- (1) महेन्द्र पुत्र धीरेन्द्रसिंह जाति राजपूत निवासी कोटा (2) डॉ.मृदुला पत्नि धीरेन्द्रसिंह जनार्दनसिंह गहलोत निवासी जयपुर (3) मधु पुत्री धीरेन्द्रसिंह जाति राजपूत निवासी कोटा साकिन..... परगना....

चूंकि प्रार्थीया ने इस अदालत में तारीख... माह... सन् 199... को 1. धीरेन्द्रसिंह बनाम 2.... दायर की जो कि वाद में फोत हो गया और चूंकि..... मजकूर के दरखास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतवफ्फी...... मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इस्तदुआ की है बजाय उसक आप 3....... बनाये जावें।

लिहाजा बजरिये हाजा बगर्ज जवाब देही 1...... दिनांक 02 माह 02 सन् 2026 को अदालत हाजा में हाजिर होनके लिये तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकद्दमा आपकी गैर हाजरी में सुना व फैसला किया जावेगा।

बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 07 माह 01 सन् 2026 को जारी किया गया।

मोहर अदालत

आज्ञा से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
सवाई माधोपुर (राज.)

यातायात सुरक्षा की मुहिम जारी रहेगी : श्रीनिधि बीटी

धौलपुर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह संपन्न हुआ।

धौलपुर। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा समाप्त हुआ है लेकिन यातायात जागरूकता की मुहिम जारी रहेगी उक्त वक्तव्य जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने कहा जिला कलैक्टर श्रीनिधि बीटी राजस्थान सरकार के दिशा निर्देशन में मनाएं जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन समारोह के अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों को वह गणमान्य नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह के दौरान जिला परिवहन विभाग ने यातायात पुलिस के सहयोग से बेहतरीन कार्य किया और जागरूकता के क्षेत्र में कई कार्यक्रम कराए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में बताई गई बातें हमेशा जीवन में काम आती है इसलिए हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति सजग करना है ।उन्होंने कहा कि सडक दुर्घटना में घायल को तत्काल प्रभाव से नजदीकी चिकित्सालय पहुंच कर आप गुड्स सेमिरेटन के रूप में अपनी पहचान स्थापित करें । उन्होंने कहा कि आपसे किसी प्रकार की पुलिस द्वारा कोई पूछताछ नहीं की जाएगी। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कहा कि हमारा उद्देश्य सडक दुर्घटनाओं में कमी लाना है । चालान की भय से नियमों की पालन करना अपने जीवन को खतरे में डालना है। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता सड़क सुरक्षा है ना कि वाहन चालकों के चालान करना। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने 31 दिवसीय सडक सुरक्षा माह का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में विभाग द्वारा कर ना जमा करने वाले वाहन स्वामियों के विरुद्ध बडे स्तर पर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर विद्यार्थियों को परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत द्वारा यातायात नियमों की पालना को लेकर शपथ ग्रहण कराई गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के डायरेक्टर अभिनव बेरी द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

डॉ. गर्ग ने की विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत

भरतपुर । पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने दो दिवसीय भरतपुर दौरे के दौरान विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व वैवाहिक कार्यक्रमों में शिरकत की और लोगों की समस्याओं को भी जानकर समाधान कराने का विश्वास दिलाया।

डॉ. गर्ग ने भरतपुर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया तथा लोगों की समस्याओं को सुना।

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004
क्रमांक: F-JDA/Zone 04/2026/D-36

आम सूचना आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 277527 दिनांक 13/01/2026 को निम्नांकित भूखण्ड का Name Transfer जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं

क्र. सं.	आवेदक का नाम	मूल आवंटी लीजधारक का नाम	भूखण्ड संख्या	भूखण्ड क्षेत्रफल	गृ.नि.स.स. /निजी खातेदारी /जविप्रा योजना	योजना का नाम	सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया	कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज
1	Abhed Misra S/o Santosh Kumar Misra	श्रीमती कल्पना पाटनी पत्नी श्री संजय पाटनी	7	232.08 SQ. YARD	Coope- -rative	SHANKAR VIHAR E Sector/ Block-	Name Transfer	पंजीकृत पटटा, पंजीकृत विक्रय पत्रों के आधार पर।

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Name Transfer जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan. gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

दिनांक- 30.01.2026 संजय कुमार गोरा, उपायुक्त (जोन- 4), जविप्रा, जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण
रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004
क्रमांक F-JDA/Zone 11/2026/D-197
आम सूचना

आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 274432 दिनांक 26.12.2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Name Transfer जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	मूल आवंटी/ लीजधारक का नाम	भूखण्ड संख्या	भूखण्ड क्षेत्रफल	गृ.नि.स.स./ निजी खातेदारी/ जविप्रा योजना	योजना का नाम	सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया	कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज
1	Neeshu Bhardwaj W/o Mukesh Kumar Verma	श्री शैलेन्द्र लालवानी पुत्र श्री ए.आर. लालवानी	225	200.00 SQ YARD	Private	GARDEN ESTATE Sector/ Block-B	Name Transfer	एक बार से अधिक बेचान एवं रजि.विक्रय पत्रों के आधार पर

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Name Transfer जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

उपायुक्त जविप्रा, जोन-11, जयपुर